


## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कालरात्रिः क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः**

# श्रीरामलला के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि से आया उपहार

- वस्त्र, साढ़े चार क्विंटल धनिया पंजीरी, मेवा, मिठाई व फल ट्रस्ट को सौंपा
- राम जन्मोत्सव पर भक्तों में बंटेगा पंजीरी का प्रसाद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि से श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम की परंपरा को एक सूत्र में जोड़ने की पहल की गई है। इसी के तहत मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के प्रबंध समिति के प्रमुख विजय बहादुर साथियों के साथ अयोध्या आए। राम जन्मोत्सव में भगवान को उपहार स्वरूप वस्त्र और भोग में साढ़े चार क्विंटल धनिया पंजीरी, मेवा, मिठाई, फल ट्रस्ट को सौंपा। रामलला का दर्शन-पूजन किया।



रामलला को अर्पित करने उपहार लेकर पहुंचे श्री कृष्ण जन्मभूमि प्रबंध समिति के प्रमुख।

श्री कृष्ण जन्मभूमि प्रबंध समिति के सदस्य विजय बहादुर सिंह ने बताया कि रामनवमी उत्सव को लेकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि से विशेष कारीगरों को अयोध्या भेजा गया था। जिन्होंने यहां धनिया पंजीरी तैयार की। यह प्रसाद एक औषधि के रूप में भी होता है। आज भगवान को वस्त्र, फल व मेवा के साथ पंजीरी समर्पित की है। प्रारंभ हुई यह परंपरा आगे भी अनवरत चलती रहेगी। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म स्थान को मुक्त कराए जाने की भी चर्चा करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की मुरली बज रही है, अब चक्र की आवश्यकता है। जिसका सिलसिला आरंभ हो गया है। 2020 से अब तक 25 वाद दायर किए जा चुके है। कहा कि पूरी कृष्ण जन्मभूमि का स्वामित्व समिति के पास है, लेकिन वहां पर एक कथित मस्जिद बनी हुई है। यही विवाद है, मांग है कि पूरा परिसर हमें दिया जाए जिससे वहां पर लीला पुरुषोत्तम और गीता का एक स्मारक बन सके।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को श्रीराम और काशी विश्वनाथ को जोड़ा जाए। इसके लिए काशी भी होकर आए है। वहां पर भी प्रसाद और अन्य सामग्री भेंट की है। आज वहां की समिति के लोग अयोध्या आए है। इन्होंने रामनवमी के अवसर पर कृष्ण जन्मोत्सव में बंटने वाले धनिया पंजीरी के प्रसाद की व्यवस्था की है। जो रामनवमी में आने वाले श्रद्धालुओं को वितरित की जाएगी। समिति के लोगों ने आज प्रभु श्रीरामलला और राम दरबार के वस्त्र, मेवा, फल मिष्ठान और धनिया पंजीरी भेंट किया है। समिति के यह नई परंपरा स्वागत योग्य है।

# हादसों में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

रानीबाजार/बीकापुर।

**अमृत विचारः** अलग-अलग हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। थाना पूराकलंदर क्षेत्र के रानी बाजार में गिरजा शंकर कसौधन (70) निवासी सथरी सोमवार देर शाम पैदल घर जा रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

वहीं रामसहाय की पूरवा के पास सीमा रावत पत्नी राधेश्याम (45) निवासी राम सहाय का पुरवा को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार के लोग जिला चिकित्सालय लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा मंगलवार सुबह तारुन थाना क्षेत्र के शिवनथा गौरा निवासी कमला देवी पत्नी स्वर्गीय गंगाराम वर्मा ई-रिक्शा पर बैठकर कहीं जा रही थी। दशरथपुर पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार कमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इनको को सीएचसी बीकापुर लाया गया। जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीला वस्त्र

## धारण करेंगे सोने का मुकुट, हीरा-पन्ना जड़ित स्वर्ण आभूषण से होगा शृंगार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** रामनवमी पर रामलला पीला वस्त्र धारण करेंगे। सोने का मुकुट धारण करेंगे। हीरा पन्ना जड़ित स्वर्ण आभूषण से उनका शृंगार होगा। भूतल पर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद तीसरी बार उत्सव मनाया जा रहा है। वहीं प्रथम तल पर विराजमान राजा राम के रूप में पहली बार उत्सव होंगे। जहां राजशाही दरबार सजेगा।

राममंदिर में भगवान श्रीराम लला की जन्मोत्सव को बेहद खास स्वरूप में मनाए जाने की तैयारी है। इसको लेकर मंदिर में विशेष रूप से धार्मिक और संगीत



रामनवमी पर इस तरह पीला वस्त्र धारण करेंगे रामलला।

में कार्यक्रम संपन्न किया जा रहे हैं। राम जन्मोत्सव के दिन 27 मार्च को दोपहर 12 बजे रामलला के जन्म पर प्राकट्य आरती का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भी इस अलौकिक दृश्य को देख सकेंगे। गर्भग्राम में होने वाले आयोजन को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला के उत्सव का प्रोटोकॉल तैयार कर लिया है। ट्रस्ट के मुताबिक सुबह 9:30 से 10:30 तक भगवान श्री रामलला का अभिषेक होगा। सुबह 10:30 से 10:40 तक लगभग 10 मिनट के लिए गर्भगृह पर पर्दा रहेगा। इसके बाद सुबह 10:40 से 11:45 तक भगवान का शृंगार होगा। जिसमें उन्हें पीले वस्त्र पहनाये जायेंगे और रामलला स्वर्ण मुकुट धारण करेंगे। इसी क्रम में 11:45 के बाद भोग लगाने के लिए पट को बंद कर दिया जाएगा।दोपहर 12 श्री रामलला का जन्मोत्सव आरती के साथ पट खुलेगा। इस समय लगभग चार मिनट तक श्री रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य के किरणें तिलक दिखाई देगी। इस दौरान आने वाले श्रद्धालु इस अलौकिक पलक मंदिर परिसर में मौजूद होकर देख सकेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि रामनवमी के दिन रामलला की आरती पूजन के बाद धनिया पंजीरी के साथ 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। आने श्रद्धालुओं में भी वितरित होगा। इस पूरे आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है।

## हनुमानगढ़ी व नागेश्वरनाथ मंदिर के बाहर बिछेगी मैट, धुले जा रहे घाट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनवमी पर्व पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम द्वारा सरयू तट पर जेटिंग मशीनों से नियमित घाटों की धुलाई कराई जा रही है। नागेश्वर नाथ और हनुमानगढ़ी मंदिर के पास प्लास्टिक की जालीदार मैट बिछाई जा रही है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख मार्गों और क्षेत्रों में मैट बिछाने की व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्रों में स्वीपिंग मशीनों से नियमित सफाई हो रही है। कहा कि सरयू स्नान के बाद महिलाओं के कपड़े बदलने हेतु घाट क्षेत्रों में 68 अस्थाई और नौ स्थाई निशुल्क चेंजिंग रूम स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर अस्थाई रूम की संख्या बढ़ाई जाएगी। सरयू के सभी घाटों पर अस्थाई निशुल्क बायो टॉयलेट लगाए गए हैं। अधिक भीड़ वाले स्थानों पर मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई है। नगर निगम क्षेत्र में 81 वाटर कूलर और 25 वाटर कियोस्क स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से 24 घंटे निशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा। बताया कि फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रवर्तन दल सक्रिय किया गया है। संत तुलसीदास घाट, सरयू स्नान घाट, विभिन्न अंडरपासों आदि प्रमुख स्थलों पर रामनवमी के दौरान विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के रामनवमी का पर्व मना सकेंगे।

## इनवर्टर के लिए 12 लाख रुपये जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के रुदौली और मवई क्षेत्र के 33 परिषदीय स्मार्ट विद्यालयों में 12.54 लाख रुपये की लागत से इनवर्टर लगाए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी रुदौली रमाकांत राम ने बताया कि इस योजना में रुदौली के 62 और मवई के 42 स्मार्ट विद्यालय शामिल हैं। बताया कि प्रत्येक 33 विद्यालयों को 38,000 रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। इस राशि का उपयोग इनवर्टर, बैटरी और स्टेबलाइजर की खरीद के लिए किया जाएगा। जिन विद्यालयों के खातों में अभी धनराशि नहीं पहुंची है, वहां यह कार्य कंपोजिट ग्रांट के माध्यम से पूरा किया जाएगा। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले सभी विद्यालयों में यह व्यवस्था अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए। इसका उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई को निर्बाध रूप से जारी रखना है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनीं। राजस्व, पुलिस, विकास कार्य, विद्युत, पेयजल, आवास एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण ज्यादा रहे। डीएम ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया और समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

### मंडलीय समीक्षा बैठक 28 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा 28 मार्च को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में करेंगे। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने दी।

### रामनवमी पर 27 को रहेगा अवकाश

**अयोध्या, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रामनवमी पर पूर्व में घोषित अवकाश 26 मार्च गुरुवार के स्थान पर 27 मार्च शुक्रवार को घोषित किया गया है। 26 मार्च को न्यायालय पूर्ववत् खुलेगा। यह जानकारी जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने दी।

### 16 महिलाएं हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी में

**बीकापुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव के निर्देशन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 75 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान 16 महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली। डॉ. स्नेहा चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को ऐतिहात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की चिकित्सकीय सलाह व 13 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सलाह दी गई। हीमोग्लोबिन की कमी होने के चलते छह गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करके खून की मात्रा बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज का ड्राफ्ट चढ़ाया गया।

### बूथ सशक्तिकरण पर दें विशेष जोर

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा महानगर की कार्यसमिति की पहली बैठक मंगलवार को पार्टी कार्यालय सहादतगंज में हुई। पदाधिकारियों के परिचय के बाद महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बूथ सशक्तिकरण पर दें विशेष जोर देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं। अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में तिलकराम मौर्य, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह, रामप्रीत वर्मा, शशि प्रताप सिंह सहित अन्य लोग थे।

# 3500 प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं की बिजली गुल

**आक्रोश**

- 2.40 लाख उपभोक्ताओं के यहां अब तक लगे स्मार्ट मीटर, 40 प्रतिशत के मीटर प्रीपेड में बदले

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में अब तक दो लाख 40 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसमें से 40 प्रतिशत को प्रीपेड मोड में बदल दिया गया है। मोबाइल रिचार्ज की तरह काम करने वाली इस व्यवस्था ने महज तीन दिनों में नेगेटिव बैलेंस के कारण करीब 3500 उपभोक्ताओं की बिजली स्वचालित रूप से काट दी। जोन-प्रथम में 2048, जोन-द्वितीय में 778 और जोन-तृतीय में 1742 कनेक्शन प्रभावित हुए। अभी भी 500 से अधिक उपभोक्ताओं का बैलेंस शून्य या नेगेटिव है, जिनके कनेक्शन कटने का खतरा मंडरा रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें यह तक पता नहीं चलता कि बैलेंस कब खत्म हो गया। अचानक बिजली चली जाती है। पहले पोस्टपेड बिलिंग में महीने के अंत में बिल आता था, लेकिन अब रिचार्ज न करने पर तुरंत सप्लाई बंद हो जाती है।नरेन्द्र नंदग्राम निवासी ने बताया हमें यह तक नहीं पता चलता कि कब बैलेंस खत्म हो गया। अचानक बिजली चली गई तब पता चला कि रिचार्ज कराना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर नियमित मैसेज भेजे जा रहे हैं। यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के जरिए बैलेंस, खपत और रिचार्ज की पूरी जानकारी देखी जा सकती है। वहीं उपभोक्ताओं का आरोप है कि न तो मैसेज आ रहे हैं और न ही ऐप का इस्तेमाल करने की पर्याप्त जानकारी दी गई।

जोन-प्रथम के मुख्य अभियंता आलोक अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि समस्या का बड़ा कारण मोबाइल नंबर सही न होना है। अगर नंबर बदला हुआ है या गलत दर्ज है, तो अलर्ट मैसेज नहीं पहुंच पाते।उन्होंने कहा कि विभाग आटोमैटिक सिस्टम में कुछ नहीं कर सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएं। किसी भी शिकायत के लिए हेल्पलाइन 1912 पर कॉल करें या अपने जोन के बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

# पेट्रोल भराने को उमड़ी भीड़, आठ बजे तक पंप बंद

- आपूर्ति विभाग के कंट्रोल रूम में बैठा कर्मचारी हुआ अनकंट्रोल
- कई जगहों पर पुलिस की मौजूदगी में लोगों ने भराया पेट्रोल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर में मंगलवार शाम अचानक पंपों पर डीजल-पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई जगहों पर तो पुलिस की मौजूदगी में लोगों को पेट्रोल व डीजल दिया गया। रात आठ बजे से पहले ही देवकाली व अन्य इलाकों के सभी पंप पर बंद हो गए।

एलपीजी संकट के बीच आगामी दिनों में तेल की किल्लत को लेकर उड़ी अफवाह के बीच शाम पांच बजे के बाद लोग पंप पर पहुंच गए। देवकाली स्थित एक पंप पर बाइक में पेट्रोल भराने पहुंचे व्यक्ति ने बताया कि वह सोहावल के रहने



देवकाली स्थित एक पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की लगी भीड़। अमृत विचार

वाले हैं। उन्हें घर से फोन आया कि इलाके के पंपों पर पेट्रोल नहीं मिल रहा है। इस कारण वह यहां 800 रुपये का पेट्रोल लेने पहुंचे हैं। अमृत विचार की टीम ने शाम साढ़े सात बजे कई इलाकों का भ्रमण किया। पंपों पर बड़ी संख्या में कार सवार लाइन लगाए खड़े हुए थे। आठ बजे तक सिविल लाइंस पोस्ट ऑफिस चौराहा के निकट के दोनों पंप बंद हो गए। देवकाली, वजीरगंज इलाके के पंपों पर भी सन्नाटा पसरने लगा। तरंग टॉकीज के निकट पंप पर भी लाइटें बुझा दी गई थीं। डीएसओ बृजेश मिश्रा ने कहा कि जिले में अफवाह फैलाई जा रही है। मेरी अगल बगल के जिलों में बात हुई। बाराबंकी तक में स्थिति सामान्य है। सुबह 13 लाख लीटर पेट्रोल और 18 लाख लीटर डीजल पहुंचा था। किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। पंप पर हंगामे की सूचनाएं मिली हैं।

# रुदौली बीडीओ निलंबित अवैध वसूली का आरोप

- प्रधानों की शिकायत, पूर्व डीडीओ से अनबन बना कारण

रुदौली/मवई, अयोध्या।

**अमृत विचारः** प्रदेश शासन ने रुदौली के खंड विकास अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी को निलंबित कर दिया। उन पर मनरेगा में 10 फीसदी कमीशन और अनियमित रूप से वेतन रोकने, अनियमित प्रतिकूल प्रविष्टि के जरिए कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप है। हालांकि प्रधानों की शिकायत और पूर्व डीडीओ से अनबन इसका अहम कारण माना जा रहा है। जांच अधिकारी संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा को बनाया गया है।

बीडीओ अमित त्रिपाठी की पूर्व डीडीओ से काफी दिनों से अनबन चल रही थी। जांच को लेकर कई बार तल्ख बातचीत भी हुई थी। इसके बाद दोनों ओर कार्रवाई की पेशबंदी शुरू हुई। बीडीओ के पक्ष और विपक्ष में प्रधानों ने भी मोर्चा खोला या खुलवाया गया। ग्राम प्रधान गोरिया में पूर्णमासी, रहीमगंज सावित्री देवी, आशुमऊ, हलीमनगर, रुकैया, पिछोलिया, मीनापुर, बाहरपुर आदि के प्रधानों ने लिखित शिकायत की थी। आरोप था कि भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार कर दी। दूसरी ओर प्रधान संघ के अध्यक्ष व गनौली के प्रधान बलभद्र यादव पक्ष में उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखा। मुजफ्फरपुर की प्रधान रामावती सहित कई अन्य ने पत्र में खंड विकास अधिकारी का कार्य व्यवहार अच्छा और विकास को समर्पित बताया था। कई प्रधानों ने विधायक रामचंद्र यादव से भी शिकायत की थी। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि प्रधानों से बदसलूकी, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न किए जाने की शिकायत मिली थी। इसकी उच्चस्तरीय जाँच का पत्र उपमुख्यमंत्री को उन्होंने लिखा है। फिलहाल अब बीडीओ को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय से संबंद्ध किए जाने की बात बताई गई है।

## अफसरों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को जिला कारागार अयोध्या का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के आवास, साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कारागार प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को नियमानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं। स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। बंदियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त की और उनके त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक कारागार/जेलर प्रदीप कुमार कश्यप, सीजेएम सुधांशु शेखर उपाध्याय, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रंजिनी शुक्ला मौजूद रही।

# मां कामाख्या धाम महोत्सव : वाराणसी की कशिश और नंदनी के विशाल रहे अव्वल

- मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने की पूजा-अर्चना
- दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** मां कामाख्या धाम महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विशाल राष्ट्रीय दंगल में मंगलवार को देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। कैसरगंज के पूर्व सांसद एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्य अतिथि ने सबसे पहले मां कामाख्या मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कामाख्या जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि कुश्ती हमारी प्राचीन परंपरा और भारतीय संस्कृति की पहचान है। मां कामाख्या धाम जैसे पवित्र स्थल पर राष्ट्रीय दंगल का आयोजन युवाओं में खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देगा। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि मां कामाख्या धाम महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन चुका है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचें और क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं।

विशाल राष्ट्रीय दंगल में 150 से अधिक पहलवानों ने प्रतिभाग किया। महिला वर्ग (60 किग्रा) में वाराणसी की कशिश ने 'घोड़ा पछाड़' दांव के सहारे विजेता का खिताब अपने नाम किया। गोंडा के नंदिनी नगर की मानसी उपविजेता रहीं, जबकि




मां कामाख्या धाम महोत्सव में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार



कुश्ती प्रतियोगिता में एक दूसरे को पटकनी देने का प्रयास करतीं खिलाड़ी।

गाजियाबाद की स्वाति तीसरे और कानपुर की ज्योति चौथे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 65 किलोग्राम भार वर्ग में नंदिनी नगर के विशाल ने बाजी मारी। अंशू दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आजमगढ़ के मंगेश और वाराणसी के शिवाजीत संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

65 से 74 किलोग्राम वर्ग में नंदिनी नगर के विकास प्रथम स्थान पर रहे। महराजगंज के आशीष द्वितीय रहे, वाराणसी के लालू और दिल्ली के सचिन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 74 से 86 किलोग्राम वर्ग में वाराणसी के विकास ने पहला स्थान हासिल किया। गाजियाबाद के कार्तिक दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गोरखपुर के अभिषेक और वाराणसी के अजय संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 86 किलोग्राम से ऊपर वर्ग में दिल्ली के भीम विजेता बने। वाराणसी के प्रवीण दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मयंक और बादल संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में बाबा बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी, रामराज लोधी, कमलेश यादव, निर्मल शर्मा, आलोक चंद्र यादव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**भूखा न रहे कोई** — एक वर्ष में लगभग दो करोड़ भक्तों में वितरित किया गया प्रसाद

# 1985 में राम भक्तों के लिए रखी गई सीता रसोई की नींव

- वर्ष 1992 में अयोध्या भर में लगभग 22 स्थानों चलाए गए सीता रसोई के नाम से भंडारे : पंकज

सत्य प्रकाश, अयोध्या।

अमृत विचारः राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सीता रसोई के माध्यम से प्रतिदिन निशुल्क प्रसाद भोजन प्रसाद की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके एक वर्ष पूरे हो चुके है। अब तक दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं में वितरित किया जा चुका है। आगे भी निरंतर यह व्यवस्था जारी है। इस सीता रसोई की नींव विश्व हिंदू परिषद ने 1985 में रखी थी। राममंदिर मुक्ति आंदोलन के समय आने वाले भक्तों निशुल्क भोजन कराया जाता रहा है।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने मंगलवार को



श्री राम जन्मभूमि परिसर के निकास द्वार पर चल रही सीता रसोई में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

बताया कि सीता रसोई 1985 के बाद से ही शुरू हो गई थी। 1990 के आंदोलन में जगह-जगह भंडारे चले थे। वर्ष 1992 में अयोध्या भर में लगभग 22 स्थानों भंडारे चलाए गए थे। सभी सीता रसोई के नाम से ही जाने जाते थे। इसके लिए एक ट्रस्ट सीता रसोई न्यास के नाम से स्थापना की गई थी।

उन्होंने बताया कि परिकल्पना थी कि जब राम मंदिर बनेगा और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं आएंगे तो उन्हें निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा। इसके पीछे एक मंशा थी कि अयोध्या आने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, सभी को भोजन प्राप्त हो। कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी जन सहयोग से 43 स्थानों पर भंडारे का आयोजन चलाया है। इसमें लाखों की संख्या में भक्तों को यह व्यवस्था उपलब्ध कराया गया। पिछले वर्ष इस रसोई को स्थाई रूप प्रदान किया गया है।

# नैक मूल्यांकन : साक्ष्यों का प्रमाणित पैटर्न अपनाएं

अयोध्या कार्यालय।



नैक मूल्यांकन को लेकर अवध विश्वविद्यालय में बैठक करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में मंगलवार को नैक मूल्यांकन की समीक्षा बैठक कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। कुलपति ने नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत चल रही तैयारी की प्रगति पर एट्रीब्यूट (मानदंड) एक से लेकर एट्रीब्यूट 11 तक के विभिन्न बिन्दुओं को पॉवर पॉइंट्स प्रेजेंटेशन के माध्यम से परखा।

इसमें प्रमुख रूप से रिसर्च पब्लिकेशन, रिसर्च क्वालिटी, फोटोग्राफ कैप्शन युक्त, रिसर्च लैब, टीचिंग लैब, पी-एचडी अवार्ड, रिसर्च फैलोशिप, कंसल्टेंसी ट्रेनिंग, एक्सटर्नल रिसर्च ग्रांट, वेब आफ साइंस, उन्नत भारत अभियान, बौद्धिक संपदा अधिकार

**● मानदंड के विभिन्न 11 बिंदुओं की अवध विश्वविद्यालय में हुई समीक्षा, कुलपति ने परखी तैयारी**

(आईपीआर) शोध गतिविधियों जैसे प्रमुख बिंदुओं का परीक्षण किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने साक्ष्यों के लिए प्रमाणित पैटर्न अपनाए जाने के लिए टीम के संयोजकों एवं सदस्यों को निर्देशित किया। कुलपति ने कहा कि उच्चतम स्कोर के लिए नैक मूल्यांकन के सभी मानदंडों का सघन परीक्षण एवं निरीक्षण आवश्यक है। नैक मूल्यांकन टीम के सभी संयोजकों को क्रमवार डेटा तैयार कर उन्हें अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाणित पत्रों के साथ अवश्य संलग्न करने के निर्देश दिए। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसएस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सीके मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## अवध विवि से सम्बद्ध कॉलेजों का होगा वार्षिक मूल्यांकन

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध महाविद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कॉलेजों का हर वर्ष शैक्षिक और विकासात्मक मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक महाविद्यालय को प्रतिवर्ष शैक्षिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन, शिक्षकों की उपलब्धियों, बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मूल्यांकन के आधार पर कॉलेजों को संबद्धता नवीनीकरण, अतिरिक्त सीटें, अनुदान और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। खराब प्रदर्शन करने वालों पर सख्ती भी बरती जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह प्रक्रिया शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएगी और छात्रों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगी। वर्तमान में अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर आदि जिलों अवध विश्वविद्यालय से 500 से अधिक महाविद्यालय संबद्ध हैं। इनमें सरकारी, अनुदानित और स्ववित्तपोषित संस्थान शामिल हैं। नए नियम से सभी कॉलेजों में जवाबदेही बढ़ेगी और शिक्षा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है, जो गुणवत्ता पर जोर देती है। मूल्यांकन के लिए एक अलग समिति गठित की जाएगी, जो वार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा करेगी। छात्रों और अभिभावकों के हित में यह निर्णय लिया गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। सभी प्राचार्यों को सूचित किया जा रहा है।

# एनएसएस का उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना : प्रो. नीलम

अयोध्या कार्यालय



एनएसएस शिविर में मुख्य अतिथि का स्वागत करते शिक्षक एवं पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** एनएसएस का उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। ये बात मंगलवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कही। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव डाभासेमर में आयोजित आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के सात दिवसीय विशेष शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. मृदुला मिश्रा के साथ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। समन्वयक डॉ. अनुज पटेल ने स्वयंसेवकों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा की भावना सहयोग तथा आपसी भाईचारा को विकसित किया जाता है। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस विशेष शिविर में स्वयंसेवी जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, महिला एवं बाल कल्याण, जैसे कार्यक्रम को आयोजित कर समाज सेवा संबंधित कार्य करेंगे। संचालन डॉ. प्रभात कुमार ने किया।

# विकास के लक्ष्य के लिए परिश्रम जरूरी : प्रो. विनोद



**● डॉ.राममनोहर लोहिया की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी के तकनीकी सत्र का आयोजन**

अवध विवि ग्रामीण विकास विभाग में आयोजित सेमीनार में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में डॉ. लोहिया की 116वीं जयंती के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों की प्रासंगिकता विषयक संगोष्ठी हुई।

अध्यक्षता कर रहे प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यदि हमें विकास के परम लक्ष्य को प्राप्त करना है तो परिश्रम करना होगा। प्रो. प्रिया कुमारी ने लोहिया की आर्थिक विचारों की चर्चा की। डॉ. अलका श्रीवास्तव ने महिलाओं के उत्थान से संबंधित लोहिया के विचारों पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. मीनू वर्मा ने लोहिया के चौखंबा राज्य पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया । ललित कला विभाग की डॉ. रीमा सिंह ने राम कथा एवं रामायण मेला संबंधित अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। ललित कला की डॉ. सरिता द्विवेदी ने विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत शोध पत्रों की विवेचना प्रस्तुत करते हुए लोहिया के आध्यात्मिक समाजवाद के द्वारा समाज के विपन्न वर्गों के उत्थान की बात कही।

स्नातक विभाग के डॉ. श्याम बहादुर ने लोहिया के सामाजिक नीतिगत बिंदुओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में 18 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अलका श्रीवास्तव ने किया।

# गोमती थंडर व सरयू स्मैशर्स टीमों ने जीता लीग मैच

अयोध्या कार्यालय।

**एपीएल टी-20**

**● घनश्याम व विपिन ने खेली शतकीय पारी, रहे मैन-ऑफ-द-मैच**

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 के लीग मुकाबलों में पूल में सर्वाधिक अंक हासिल कर सरयू स्मैशर्स, हिंडन टाइटन व गंगा वॉरियर्स टीमों ने अंतिम चार में स्थान पक्का कर लिया। डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए लीग मुकाबलों में घनश्याम की शतकीय पारी से गोमती थंडर व विपिन की शतकीय पारी से सरयू स्मैशर्स टीमों ने जीत दर्ज कर पूर्ण अंक प्राप्त किये। सरयू स्मैशर्स टीम के ओनर राम सिंह ने घनश्याम व विपिन को मैन-ऑफ-द-मैच के रूप में पुरस्कृत किया।




एपीएल लीग मुकाबले में मैन ऑफ द मैच विपिन को पुरस्कृत करते सरयू स्मैशर्स के ओनर राम सिंह।

पहला मुकाबला बेतवा ब्लास्टर्स व गोमती थंडर टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेतवा टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 193 रन बनाये। इसमें विशाल ने 57, विनय 36, जतिन 25 रनों का योगदान दिया। गोमती टीम के धनंजय, शशांक, निखिल ने दो-दो, कृष्णा व विनय ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए गोमती टीम ने घनश्याम उपाध्याय की बेहतरीन नौ छक्के व 12 चौके की मदद से बने 131 रनों की बदौलत एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से मैच जीत कर पूर्ण अंक प्राप्त किया। अनुराग व जतिन ने एक-एक विकेट लिया।

दूसरे मुकाबले में सरयू स्मैशर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। विपिन ने आठ छक्के व सात चौकों की मदद से 106 रनों की शतकीय पारी खेली। अभिराज ने पांच छक्के व तीन चौके की मदद से 67 रनों का योगदान दिया। राघवेन्द्र व बादल ने दो-दो, युवराज ने एक विकेट लिया। जवाब में जीत के लिए 233 रनों का जीत का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी गंगा वॉरियर्स टीम सात विकेट पर 136 रन ही बना सकी। चित्रांश 32, शिवम 24, अभिषेक 21 ने 17 रनों का सहयोग दिया। सरयू टीम के दिव्य प्रकाश ने तीन, विपिन ने दो, जावेद व अभिराज ने एक-एक विकेट लिया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उमेर अहमद, संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, ऑफीसियल व खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# 27 तक भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**चैत्र रामनवमी मेला**

**अमृत विचार।** चैत्र रामनवमी मेले के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 से 27 मार्च तक प्रांतीयकृत चैत्र रामनवमी मेला आयोजित होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन की संभावना है।

मेले को सुचारु रूप से संपन्न कराने और यातायात को नियंत्रित करने के लिए 24 मार्च को दोपहर 2 बजे से 27 मार्च की रात 12 बजे तक भारी वाहनों के लिए मार्ग डायवर्जन लागू रहेगा। यह डायवर्जन विशेष रूप से उन भारी वाहनों के लिए है जो अयोध्या होकर गुजरते हैं। इस अवधि में मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर और डीसीएम जैसे भारी वाहनों को अयोध्या की ओर जाने से रोका जाएगा और उन्हें वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। संतकबीरनगर-बस्ती से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को घनघटा, बिड़हल घाट, रामनगर से डायवर्ट कर न्यौरी जलालपुर होते हुए मालीपुर सुरहुरपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। गोरखपुर से अयोध्या जाने वाले वाहनों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा। आजमगढ़ और बसखारी से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को न्यौतरिया बाईपास से गोहन्ना चौराहा अकबरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मोड़ा जाएगा। थाना अलीगंज क्षेत्र में स्थित सम्हरिया चौराहा से सेवा गंज बैरियर होकर अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। थाना अहिरौली क्षेत्र में स्थित यादव नगर तिराहा से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन यादव नगर से डायवर्ट होकर महरुआ होते हुए टाण्डा रायबरेली मार्ग से अपने गंतव्य को जाएंगे। थाना भीटी क्षेत्र में स्थित चनहा चौराहा से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को भीटी बाजार होकर सुल्तानपुर रोड पर डायवर्ट किया जाएगा। अकबरपुर शहर के भारी वाहन तहसील तिराहा से डायवर्ट होकर शहजादपुर, गोहन्ना बाईपास से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से अपने गंतव्य को जाएंगे। अकबरपुर शहर क्षेत्र में मालीपुर रोड बाईपास, जलालपुर रोड बाईपास, बसखारी रोड न्यौतरिया बाईपास, टाण्डा रोड कटरिया याकूबपुर बाईपास, पहतीपुर श्रवण क्षेत्र मोड़, दोस्तपुर रोड गोहन्ना चौराहा बाईपास और अन्नावा तिराहा से भी डायवर्जन लागू रहेगा।

## बिना सूचना व दस्तावेजों के जांच करने पहुंचे अधिकारी

**आजमगढ़। अमृत विचार :** ग्राम पंचायत पिछौरा विकासखंड मार्टिनगंज अंतर्गत मंगलवार को जिला स्तरीय टीम द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच की गई। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया की जांच के विषय में अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को एवं शिकायतकर्ता शिवम सिंह को जांच के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है जब अधिकारी जांच करने ग्राम सभा में पहुंचे प्रोग्राम वीडियो में नाराजगी जताते हुए विरोध जताया एवं पूर्व में जांच की जानकारी न देने का कारण पूछा जो संबंध में जांच करता अधिकारी गण को स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। जांच अधिकारियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी रोड से खरबन के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य में 4,78,000 का भुगतान हुआ है एवं कार्य मानक विहिन कराया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया कि मौके पर अधिकारी बिना दस्तावेजों के ही जांच करने पहुंचे हैं जिससे निष्पक्ष जांच हो पाना संभव नहीं है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंजनी त्रिपाठी से जब इस विषय में जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा कराया कार्य सही है ।

# व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के उद्यमियों और व्यापारी बंधुओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के उद्यमियों और व्यापारी बंधुओं के साथ उनकी सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विषयों पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित विद्युत, उद्योग, बैंकिंग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी बंधुओं एवं उद्यमियों की विद्युत, राजस्व, मार्ग एवं सुरक्षा आदि से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को अवगत कराएं। उसका त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कहा कि व्यापारियों, उद्यमियों और आमजन की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। यदि किसी व्यापारी या उद्यमी पर किसी भी प्रकार का अनुचित दबाव बनाया जाता है, तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन और पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भावना का दिया संदेश

टांडा, अंबेडकरनगर।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि अजितेश जायसवाल।

**अमृत विचार।** जायसवाल समाज टांडा के संयोजन में नगर के छज्जापुर स्थित एक मैरिज लॉन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जायसवाल युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में अतरौलिया आजमगढ़ के चेयरमैन सुभाष जायसवाल, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अमित जायसवाल, लखनऊ से मनोनीत पार्षद दीपू जायसवाल, दीपक जायसवाल राष्ट्रीय जायसवाल सर्ववर्गीय युवा अध्यक्ष, सपा के निखिल जायसवाल, अयोध्या से नितेश जायसवाल तथा प्रतापगढ़ कुंडा से देवेश जायसवाल शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष भूपेश उर्फ डब्बू एवं नगर अध्यक्ष संजीव उर्फ मोनू के नेतृत्व में गर्मजोशी से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजीव जायसवाल को शासन द्वारा मनोनीत सभासद बनाए जाने पर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही संरक्षक मंडल के आनंद आर्या, राजेंद्र उर्फ मुन्ना सहित कई वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजितेश जायसवाल ने अपने संबोधन में आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित बनाए रखने पर जोर दिया।

## कार्यक्रम में बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में आदित्य, आरोही, सानवी, अथर्व एवं श्रेष्ठ जायसवाल सहित तीन दर्जन से अधिक बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी ने सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संगठन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकित एवं शिवांश जायसवाल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में दीपू, अभिजीत, योगेश, कृष्ण मोहन, सतीश, पवित्र नारायण, अविनाश, जितेंद्र सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर भारत भूषण, भगवती, विजय, प्रभाकर, संतोष, राहुल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत लोगों को करें जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूल चलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोडने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अभियान से संबंधित बैनर, होर्डिंग, हैंडबिल और पंपलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद स्तर पर अभियान का भव्य शुभारंभ किया जाए तथा प्रचार वाहनों के माध्यम से गांव-गांव जागरूकता फैलाई जाए। बैठक में निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं के माध्यम से 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों की सूची तैयार कर विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। कक्षा 5, 8 और 10 उत्तीर्ण छात्रों की सूची संबंधित विद्यालयों, निकटतम विद्यालयों को उपलब्ध कराकर अगली कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में अधिवक्ता प्रभात मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गैंगस्टर एक्ट लगाने की मांग किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी किया। बता दें कि मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में हमलावरों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग दोहराई। घटना रविवार को महरुआ थाना क्षेत्र के भीटी रोड स्थित तरसावां मोड़ के पास हुई थी। अधिवक्ता प्रभात मिश्रा पर हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। आरोप है कि उन्हें जबरन एक स्कॉर्पियो वाहन में लाद लिया गया और बेरहमी से पिटाई की गई। उनका मोबाइल फोन, गाड़ी की चाबी और सोने की चेन भी छीन ली। । घायल अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता : विधायक




वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देतीं विद्यालय की छात्राएं।

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के बिसुही तट स्थित वीएम पब्लिक मेमोरियल स्कूल महापारा में वार्षिक समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड के प्रख्यात गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला का शुभकामना संदेश विद्यालय प्रबंधन द्वारा मोबाइल के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ऑपरेशन सिंदूर और कुछ राम कभी न लौटे जैसी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों की आंखें नम कर दीं और वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

## लखनऊ में इलाज के दौरान युवक की मौत

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** खानपट्टी अमड़ी निवासी प्रदीप मिश्रा का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि आलापुर तहसील क्षेत्र के खानपट्टी अमड़ी निवासी प्रदीप मिश्रा 58 वर्ष का मंगलवार सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक प्रदीप मिश्रा क्षेत्र में एक मिलनसार और लोकप्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलने पर पंडित वंशराज, प्रबंधक ठाकुर प्रसाद पांडे, बाबा गोविंद साहब के वंशज पंडित ज्ञानधर द्विवेदी, योगेंद्र यादव, शरीफ मसूदी, अनीस मसूदी, प्रधान सुनील यादव सहित क्षेत्र के कई लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मंगलवार को चहोड़ा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**आयोजन** पेनाल्टी स्ट्रोक के जरिए हुआ निर्णय, विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को कटेहरी विधायक ने किया पुरस्कृत

# राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में गोरखपुर का दबदबा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान प्रताप सिंह व साथ में जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य।

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम ने स्पोर्ट्स हॉस्टल फैजाबाद की टीम को एक गोल से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। मुकाबला इतना रोचक रहा कि पूरी प्रतियोगिता के दौरान दोनों टीमें एक-एक गोल कर बराबरी पर रही। जिसके बाद पेनाल्टी स्ट्रोक में गोरखपुर ने दो गोल दागे, जबकि अयोध्या की टीम को एक गोल से ही संतोष करना पड़ा।

फाइनल मैच का शुभारंभ कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। विधायक ने खिलाडियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह खिलाड़ी आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे। विधायक ने विजेता और उप विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम आयोजक जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल जीत नहीं, बल्कि समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। खेल निदेशालय महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि जिला हॉकी संघ भविष्य में और बड़े टूर्नामेंट आयोजित कर युवा प्रतिभाओं को और बड़े मंच प्रदान करेगा। खेल निदेशालय यूपी के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रतियोगिता बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई। आयोजकों ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. राणा रणधीर सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम वर्मा, नीरज पटेल, अमरेंद्र यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता संपन्न

प्रतियोगिता की सकुशल संपन्न कराने के लिए अंपायर, जज और टेक्निकल स्टाफ मौजूद रहे। जिसमें आजमगढ़ से चांदनी, रामपुर से मुस्कान, फतेहपुर से धीरेन्द्र, झांसी से कशिश, फर्रुखाबाद से शबनम, झांसी से मनीषा, मेरठ से संदीप और नरेंद्र आगरा से आशा, प्रयागराज से मनीष द्वारा मैच संपन्न कराया गया। जिसमें नरेंद्र जज के रूप में और आशा और मनीष टेक्निकल के रूप में मौजूद रहे। बाकी ऑफिशियल के भूमिका में रहे। मुख्य अतिथि द्वारा इनको सम्मानित किया गया। आए हुए अंपायरों ने खेल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं चुस्त और दुरुस्त रही।

## भरौली गांव में भ्रूण मिलने से सनसनी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र जलालपुर के अंतर्गत ग्राम भरौली में मंगलवार को गांव के बाहर झाड़ियों के पास नवजात पाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। मंगलवार सुबह कुछ ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर झाड़ियों के पास पड़े नवजात पर पड़ी। देखते ही देखते आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि लोकलाज के भय से किसी महिला ने इस निंदनीय कृत्य को अंजाम दिया है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देवी मां के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी के पूजन को उमड़े भक्त

## चैत्र नवरात्र

**गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के छठवें दिन मंगलवार को जिले भर के देवी मंदिरों में मां के भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे दिन माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

शहर के ऐतिहासिक काली भवानी मंदिर और खैरा भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने नारियल, चुनरी, पुष्प, मिष्ठान्न और श्रृंगार सामग्री अर्पित कर मां कात्यायनी का पूजन किया। महिलाओं, युवतियों और बुजुर्गों ने श्रद्धा के साथ माता के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। जिले के अन्य प्रमुख शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में भी श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। उमरी बेगमगंज स्थित मां वाराही देवी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। वहीं मेहनौन के माता पटमेश्वरी देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, मनकापुर के बानगढ़ देवी मंदिर तथा करनैलगंज के ज्वाला देवी मंदिर में भी भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने मां से समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।


उमरी बेगमगंज के मां बाराही देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

## नीम के पेड़ तले पिंडी रूप में प्रकट हुई थीं मां मुंगरौल देवी

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड मुजेहना के मुंगरौल स्थित मां मुंगरौल देवी का प्राचीन स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से आने वाले भक्तों की मनोकामना मां पूर्ण करती हैं। नवरात्र के अवसर पर यहां दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। बताया जाता है कि जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर मुंगरौल के जंगलों में सैकड़ों वर्ष पूर्व मां पिंडी रूप में प्रकट हुई थीं। हालांकि माता के प्राकट्य का कोई निश्चित समय आज तक ज्ञात नहीं हो सका है। मान्यता के अनुसार लगभग तीन सौ वर्ष पहले रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने एक नीम के पेड़ के नीचे पिंडी देखी। जब उन्होंने ध्यान से देखा तो उस पिंडी में मां की आकृति दिखाई दी। इसके बाद से यहां पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया और आगे चलकर इस स्थान को मां मुंगरौल देवी धाम के रूप में पहचान मिली। मंदिर के पुजारी देवी प्रसाद बताते हैं कि प्रतिवर्ष नवरात्र में यहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेककर परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। उनका कहना है कि मां के दरबार में श्रद्धा और विश्वास के साथ आने वाले भक्तों को निराश नहीं लौटना पड़ता है। वहीं मुंगरौल गांव निवासी एवं भाजपा की पूर्व जिला मंत्री चंद्र प्रकाश शुक्ला का कहना है कि जो भी व्यक्ति सच्चे भाव से मां के दरबार में आया, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटा। अरुण शुक्ला ने बताया कि मंदिर परिसर में पूरे वर्ष यज्ञोपवीत, मुंडन संस्कार, श्रीमद्भागवत कथा और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। यही वजह है कि मां मुंगरौल देवी का यह स्थान केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था, विश्वास और धार्मिक परंपरा का प्रमुख केंद्र बन चुका है।


नीम के पेड़ के नीचे पिंडी रूप में विराजमान माता मुंगरौल देवी।

# गैस सिलेंडर का संकट बरकरार एजेंसियों पर लग रही लंबी कतार

### होटलों पर की जा रही छापेमारी, कंट्रोल रूम में 500 से अधिक उपभोक्ता रोज कर रहे फोन

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। सुबह होते ही गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग जाती हैं। घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पाता, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने आपूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यहां प्रतिदिन करीब 500 फोन कॉल प्राप्त हो रही हैं, जिनमें लोग गैस की उपलब्धता, बुकिंग और डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर शिकायत दर्ज करा रहे हैं। इसी बीच पूर्ति विभाग ने सख्ती बढ़ाते हुए छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक युगुल किशोर, मनोज कुमार, सुनील दिवाकर तथा लिपिक मनोज कुमार की टीम ने शहर के कई रेस्टोरेंट और होटलों पर छापेमारी की। टीम ने गैस सिलेंडरों के उपयोग और संबंधित दस्तावेजों की जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घरेलू गैस का व्यावसायिक इस्तेमाल न हो रहा हो। हालांकि जांच के दौरान अधिकांश स्थानों पर घरेलू गैस के दुरुपयोग के प्रमाण नहीं मिले, लेकिन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को सुधारने के प्रयास जारी हैं। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे धैर्य बनाए रखें और कालाबाजारी की सूचना कंट्रोल रूम को दें। फिलहाल समस्या जस की तस बनी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि स्थिति में सुधार हो रहा है। उपभोक्ताओं गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।


एक होटल पर छापेमारी करती पूर्ति निरीक्षकों की टीम। ● अमृत विचार

## पेट्रोलियम कंपनी के सेल्स अफसरों संग डीएसओ ने की बैठक

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पेट्रोलियम कंपनियों के सेल्स अफसरों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत पेट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर चेतन शर्मा, हिन्दुस्तान के सूरज, इंडियन के सेल्स ऑफिसर नकुल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर तथा आपूर्ति लिपिक फैजल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनपद में गैस एजेंसियों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं को असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की नियमित और पारदर्शी होम डिलीवरी सुनिश्चित करना एजेंसियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद की सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक, आमद और बिक्री की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि गैस वितरण प्रणाली को सुचारु बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखी जाए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

# भाजपा गोंडा की नई कार्यकारिणी पर बवाल

● **वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी से संगठन में बढ़ी कलह**

**गोंडा, अमृत विचार :** भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित होते ही संगठन के भीतर घमासान तेज हो गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी द्वारा घोषित कमेटी को लेकर पार्टी के वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

बताया जा रहा है कि नई कार्यकारिणी में लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहे कई वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल रहे पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, प्रभारी जिलाध्यक्ष रह चुके जसवंत लाल सोनकर, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र ओझा, वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश राय चंदानी, लंबे समय से संगठन से जुड़े आनंद पांडेय तथा क्षेत्र में कुर्मी मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले राम तीरथ वर्मा समेत कई सक्रिय कार्यकर्ताओं को कमेटी से बाहर कर दिया गया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिन लोगों ने पार्टी के लिए वर्षों तक मेहनत की, उन्हें दरकिनार कर दिया गया, जबकि हाल के नगर निकाय चुनाव में दल बदलकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देने वालों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दे दी गईं। इससे पार्टी की निष्ठा और अनुशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नई कार्यकारिणी को लेकर असंतोष सोशल मीडिया तक पहुंच गया है, जहां कई कार्यकर्ता संगठन से जवाब मांग रहे हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह विवाद आने वाले समय में और गहरा सकता है। वहीं, संगठनात्मक स्तर पर एक और बड़ा संकेत सामने आया है। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बीच भी मतभेद की चर्चा तेज हो गई है। दोनों खेमों के बीच संगठनात्मक पकड़ को लेकर खींचतान की स्थिति बनती दिख रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही नाराज कार्यकर्ताओं को साधने का प्रयास नहीं किया गया, तो इसका असर आगामी चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर पड़ सकता है। फिलहाल, गोंडा भाजपा में नई कार्यकारिणी को लेकर उठी यह कलह थमने के बजाय और तेज होती नजर आ रही है।

## हादसे में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** तेंदुआ कला निवासी नागेश तिवारी (35) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह अंधियारी चौराहे के पास मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे। सोमवार सुबह वह रोज की तरह घर से दुकान पहुंचे थे। रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मरौचा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

## खुलेआम घूम रहे जानलेवा हमले के आरोपी, दे रहे धमकी

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस की ढिलाई के चलते जानलेवा हमले के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित पक्ष पर मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। सुलह से इनकार करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित महिला ने डीआईजी और एसपी को पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

मामला उमरी बेगमगंज की सीमा से लगे परसपुर क्षेत्र के मोहना गांव के बैशन पुरवा का है। गांव की देवी पत्नी लालता सिंह ने 26 फरवरी को परसपुर थाने में तहरीर देकर बताया था कि पड़ोस के दबंग और राजनीतिक पहुंच रखने वाले अकबाल बहादुर सिंह साथियों के साथ उनके घर के सामने कब्जे की नीयत से नींव की खोदाई करने लगे। विरोध पर देवी के बेटे जितेंद्र सिंह, पुत्रवधू गीता और पौत्री अंकिता पर कुदाल, फावड़ा, लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दिया गया, जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने अकबाल बहादुर सिंह, दीपक सिंह, योगेश सिंह और जामवंत सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया था। घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे और मुकदमे में सुलह का दबाव बना रहे हैं। सुलह न करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार:** मजदूरी कर घर लौट रहे एक श्रमिक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बिबिया गोसाई पुरवा निवासी 35 वर्षीय विज्ञान पुरी सोमवार को करनैलगंज में मजदूरी करने आया था। देर शाम मजदूरी करने के बाद वह घर जा रहा था। इसी दौरान सरयू रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बड़े भाई ज्ञान पुरी ने बताया कि विज्ञान पुरी रोजाना मजदूरी के लिए घर से निकलता था। सोमवार को वह जल्दी घर पहुंचने के प्रयास में हादसे का शिकार हो गया। मृतक अपने पीछे दो बेटियां मोहिनी (10) और रोशनी (5) को छोड़ गया है।

## सवा तीन करोड़ की लागत से बनेंगी दो वृहद गौशाला

**गोंडा, अमृत विचार :** शासन ने जिले में दो वृहद गौशालाओं के निर्माण को मंजूरी दे दी है। ये गौशालाएं विकास खंड मुजेहना के उज्जैनी कला और रूपईडीह के पूरे पाठक में बनेंगी। इन दोनों गौशालाओं के निर्माण पर लगभग सवा तीन करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। प्रत्येक गौशाला पर करीब 1.60 करोड़ की लागत आएगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ढांचा तैयार किया जाएगा, जिससे गोवंश को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

प्रत्येक गौशाला में लगभग 400 गोवंश को रखने और उनकी देखभाल की व्यवस्था होगी। यहां चारे-पानी, पर्याप्त स्थान और निगरानी की सुविधा रहेगी। पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के भी प्रबंध किए जाएंगे। जनपद में लंबे समय से गोवंश किसानों के लिए समस्या बने हुए हैं। अधिकारियों का मानना है कि इन गौशालाओं के निर्माण से निराश्रित गोवंश को आश्रय मिलेगा और किसानों को इस समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**आधुनिक सुविधाओं से होंगी लैस :** इन गौशालाओं में मजबूत शेड, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त चारा, नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी। गोबर प्रबंधन की भी व्यवस्था की जाएगी। पशुओं के लिए खुला परिसर भी उपलब्ध कराया जाएगा। सीवीओ डॉ. शशि कुमार शर्मा के मुताबिक दोनों विकास खंडों में वृहद गौशालाओं के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। यहां करीब 800 गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

**आयोजन** | घारीघाट स्थित एक महाविद्यालय में आयोजित हुआ समारोह, गौरा विधायक व डीएम समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह योजना के तहत 163 जोड़े बने हमसफर

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 163 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस अवसर पर 163 अभिभावकों ने अपनी बेटियों का कन्यादान किया।

मुख्य अतिथि विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग की ओर से मनकापुर के घारीघाट स्थित हकीकुल्लाह चौधरी महाविद्यालय में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 193 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था, जिनमें से 163 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें 161 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न कराया गया, जबकि 2 जोड़ों का मुस्लिम परंपरा के अनुसार निकाह पढ़ाया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रभात कुमार वर्मा, डीएम प्रियंका निरंजन, एसडीएम मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल, ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार उर्फ नीलू पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि 193 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था, जिसके सापेक्ष 163 जोड़ियों का विवाह संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी वितरित किए गए और उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख बभनजोत प्रतिनिधि नीरज पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख यूपी सिंह, इंद्र बहादुर वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, विश्वनाथ पाठक, रोहित भारती उपस्थित रहे। नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वैवाहिक जोड़े व अन्य लोग। ● अमृत विचार


विवाह के मंडप में मौजूद विधायक प्रभात वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

## ओवरटेकिंग को लेकर मारपीट

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** रेलवे क्रासिंग पर साइड देने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गयी। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांधी नगर निवासी जीतू गुप्ता ने दी गई तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 8:30 बजे वह परिवार के साथ कार से मंदिर से घर लौट रहे थे। कोतवाली तिराहे स्थित क्रासिंग के पास साइड लेने को लेकर बाइक सवार युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि आदर्श त्रिपाठी, जीतन तिवारी, नवनीत तिवारी व अनुभव मिश्रा ने गाली-गलौज करते हुए विरोध करने पर जीतू गुप्ता व उनके पिता सीताराम गुप्ता से मारपीट की। आरोपियों ने कार का शीशा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया पीड़ित के तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु


कथा सुनाते पंडित मनीष चंद्र त्रिपाठी। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** लौव्वाबीरपुर के डिहवा मजरे में सोमवार को आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में सागर मंथन, मोहिनी अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया गया। मुख्य यजमान सूर्यलाल तिवारी एवं शिव देवी ने व्यास पीठ का पूजन-अर्चन किया। कथा व्यास पं. मनीष चंद्र त्रिपाठी ने सागर मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से अमृत सहित अनेक रत्न प्राप्त हुए। भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया, जिससे धर्म की विजय सुनिश्चित हुई। इसके पश्चात उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। इस दौरान नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भगवान के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रो. दीपक देव ने बच्चों में खिलौने, मिठाई व चॉकलेट-टॉफियां वितरित कीं। सोहर व बधाई गीत गाते हुए महिलाएं भक्ति में लीन होकर झूम उठीं।

## श्रीराम की विनम्रता से शांत हुआ परशुराम का क्रोध

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बाबापुरवा में आयोजित शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा में प्रवाचक देवी ऋषिता ने श्रोताओं को सोमवार देर शाम धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर व परशुराम-लक्ष्मण संवाद के कथा का रसपान कराया। प्रवाचक ने कहा कि राजा जनक ने माता जानकी के स्वयंवर के लिए 'शिव धनुष' पर प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखी थी। लेकिन इसे कोई भी राजा हिला तक नहीं सका। विश्वामित्र की आज्ञा पर भगवान राम ने धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय वह टूट गया, जिससे पूरा प्रांगण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। धनुष टूटने की टंकार सुनकर परशुराम क्रोधित होकर वहां पहुंचे और धनुष तोड़ने वाले को मारने की धमकी दी। प्रभु श्री राम ने अपनी विनम्रता से परशुराम का क्रोध शांत किया। इसके बाद राजा दशरथ को अयोध्या से बारात लेकर जनकपुरी बुलाया गया।


प्रवचन करतीं देवी ऋषिता।

## वंडर बॉक्स आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू


कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित प्री-प्राइमरी (बाल वाटिका) के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और कक्षा-1 के नोडल शिक्षकों की वंडर बॉक्स आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ जनता इंटर कॉलेज में मां सरस्वती की आराधना से हुआ। संदर्भदाता सुनील कुमार ने बताया कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में औपचारिक शिक्षा से जोड़ना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को कक्षा में प्रभावी रूप से लागू करना इसका मुख्य लक्ष्य है। संदर्भदाता मनोज दीक्षित ने प्रतिभागियों को वंडर बॉक्स की विभिन्न सामग्रियों से परिचित कराया। संदर्भदाता चंद्रशेखर तिवारी ने नंबर रिप्रेजेंटेशन कार्ड के उपयोग पर चर्चा की। कार्यक्रम में मेहलता श्रीवास्तव, राधे रमन यादव, दुर्गा प्रसाद, रामायण मिश्र, वसी, आलोक मौर्य, मंजू, रिम्पी गौड़, अनीता देवी, गीतांजलि मौर्य सहित सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्त्रियों, ईसीसीई एजुकेटर तथा कक्षा-1 के नोडल शिक्षक मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के दोषी प्रधानाध्यापक को 5 वर्ष की कैद

**गोंडा, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बालिका के साथ छेड़छाड़ के मामले में दोषी पाए गए आरोपी को न्यायालय ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण थाना परसपुर क्षेत्र का है। 22 नवंबर 2021 को एक व्यक्ति ने अपनी 7 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि बच्ची के विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. खलील ने उसके साथ अशोभनीय हरकत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने साक्ष्यों का संकलन करते हुए 25 जनवरी 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निर्भय प्रकाश ने सुनवाई के बाद आरोपी मो. खलील को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मुकदमे में अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक अशोक सिंह, मॉनिटरिंग सेल, कोर्ट मोहर्रिर वंदना तथा थाना परसपुर के पैरोकार कांस्टेबल शशिकांत की प्रभावी पैरवी ने अहम भूमिका निभाई।

## स्कूल के किचन का ताला तोड़ सिलेंडर व पंप चोरी

**गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड झंझरी क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय खिरामा खास में चोरों ने विद्यालय से जरूरी सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी मंगलवार को हुई जब स्टाफ स्कूल पहुंचा। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को विद्यालय खुलने पर गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया गया तो विद्यालय के किचन का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि चोरों ने ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, पानी का मोटर पंप और प्रेशर कुकर चोरी कर लिया है। प्रधानाध्यापक के अनुसार चोर एक गैस सिलेंडर, एक पानी का मोटर पंप तथा 20 लीटर का एक प्रेशर कुकर उठा ले गए। घटना की सूचना विद्यालय की ओर से तिवारी बाजार चौकी प्रभारी को लिखित रूप से देकर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## अभियान में 35 गैर-जमानती वारंटी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के खिलाफ दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने 35 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित गैर-जमानती वारंटियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाने को कहा गया था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर विशेष टीमें गठित कर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने कार्रवाई की है। कोतवाली देहात से 2, इटियाथोक से 5, खरगूपुर से 1, खोड़ारे से 4, मोतीगंज से 2, तरबगंज से 3, नवाबगंज से 2, कर्नलगंज से 5, परसपुर से सर्वाधिक 9, कटराबाजार से 1 तथा कौड़िया थाना से 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## श्री राम जन्म कथा से गूंजा गूंगी भवानी मंदिर

**गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर के राजपुर स्थित मां गूंगी भवानी मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया गया सोहर और मंगल बधाई गीतों के साथ आतिशबाजी ने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कथाव्यास पं. सूरज महाराज ने श्रीराम जन्म प्रसंग का वर्णन किया। आचार्य पं. उदय नारायण मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर भागवत का पाठ जारी है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रघुनायक तिवारी और रघुवीर मिश्रा हैं। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## तालाब से हटाये जाएंगे अतिक्रमण

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** एसडीएम नेहा मिश्रा न्यायालय आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर कार्रवाई जारी है। वहीं, तालाबों, जलाशयों पर कब्जों पर कार्रवाई के लिए मंगलवार को दो ग्राम पंचायतों में निरीक्षण किया गया। एक तालाब की भूमि पर अवैध तरीके से पक्का निर्माण होने के मामले में जांच के आदेश भी दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि ग्राम बरवलिया तालुकेदारी में धारा 24 के अंतर्गत एक मुकदमा न्यायालय पर विचाराधीन था। मामले की सुनवाई मौके पर की गई। दोनों पक्षों का पक्ष सुनने के बाद फाइल को सुरक्षित किया गया है। उधर, ग्राम कुंवरपुर अमरहा में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा होने की शिकायत मिली थी जिस पर मौके का निरीक्षण किया गया तथा अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए राजस्व टीम को लगाया गया है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष बने संजय शुक्ला



नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जनपद बलरामपुर की जिला कार्यसमिति में संजय शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनकी सरल, मिलनसार और सबको साथ लेकर चलने वाली छवि के चलते यह जिम्मेदारी संगठन के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। संजय शुक्ला ने निकाय चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक पार्टी प्रत्याशियों के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई है, जिसका परिणाम उन्हें संगठन में नई जिम्मेदारी के रूप में मिला है। इस अवसर पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) बलरामपुर द्वारा स्थानीय होटल में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवकुमार मिश्र ने की, जबकि संचालन सचिन शुक्ल ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अभिषेक ओझा, फैजान अंसारी, प्रमोद मिश्रा, बलबीर सिंह, राजेश तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया संपर्क मार्ग निर्माण का शुभारंभ



मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राम प्रताप वर्मा व अन्य।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** विधायक राम प्रताप वर्मा ने गुमड़ी से रेहरा-सादुल्लाह नगर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 16 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को लगभग 44 करोड़ रुपये की लागत से 7 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण व नव निर्माण से क्षेत्र की बड़ी आबादी को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और स्थानीय व्यापार व जनजीवन को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने मार्ग निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## फुलवरिया बाईपास चौराहे का नाम 'वंदे मातरम् चौक' रखने की उठी मांग



वंदे मातरम चौक की मांग का ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू महासंघ के लोग।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ की जिला इकाई ने मंगलवार को फुलवरिया बाईपास स्थित चौराहे का नाम 'वंदे मातरम् चौक घोषित किए जाने की मांग को लेकर रैली निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने किया। रैली वीर कुंवर सिंह चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए डीएम कार्यालय पहुंची। वहां कार्यकर्ताओं ने 'वंदे मातरम्' के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 'वंदे मातरम्' देश की आजादी की लड़ाई का प्रतीक रहा है। महासंघ ने प्रस्ताव रखा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर किसी प्रमुख चौराहे, विशेष रूप से फुलवरिया बाईपास चौराहे का नाम 'वंदे मातरम् चौक' रखा जाए। साथ ही चौराहे को तिरंगा, भारत माता के चित्र और राष्ट्रभक्ति से जुड़े संदेशों से सजाने की भी मांग की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष (सोशल) गंगा शर्मा कौशिक, जिलाध्यक्ष चौधरी जयसिंह, जीवनलाल, राधेश्याम कौशल, सुग्रीव कश्यप, विजय प्रताप सोनी, वसंत पांडेय, नरेंद्र देव वर्मा, प्रेमनाथ मिश्रा, राकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 36 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतें सम्मानित



क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी बिपिन कुमार जैन ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम प्रधानों की सहभागिता रही। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, विधायक सदर प्रतिनिधि बृजेन्द्र तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग के उन्मूलन के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है और सामूहिक प्रयासों से ही "टीबी मुक्त भारत" का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिले की 36 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 45 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर उनके उपचार और पोषण में सहयोग प्रदान किया गया।

## जैविक खेती अपनाएं और उत्पादन बढ़ाएं



जैविक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करते किसान। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र में नेचर बायो फूड के तत्वावधान में किसानों के लिए जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी वर्मा ने जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए बताया कि जैविक विधि से धान की खेती, डीएसआर एवं एसआरआई पद्धति, जीवामृत, घनजीवामृत तथा वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग की विधियों को भी समझाया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती अपनाने से खेती की लागत कम होती है और उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार आता है। प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ श्रीवास्तव ने बासमती धान की खेती को व्यावसायिक रूप से विकसित करने तथा उसके विपणन के बेहतर अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जैविक खेती अपनाने के प्रति रुचि दिखाई। इस अवसर पर आनंद, राकेश पाठक, अखिलेश, संदीप, अशोक, अभिषेक, दिलीप, महेंद्र मौर्य एवं मिथिलेश सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# मां कात्यायनी के पूजन में लीन रहे भक्त

### चैत्र नवरात्र के छठवें दिन भी देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, मांगी सुख-समृद्धि

**आस्था**

संवाददाता, बलरामपुर



देवी मंदिर में पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आस्था और श्रद्धा के महापर्व चैत्र नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना बड़े विधि-विधान और उत्साह के साथ की गई। सुबह से ही नगर के प्रमुख मंदिरों सिटी पैलेस स्थित मां काली मंदिर, शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी, बिजलीपुर मंदिर, सम्मय माता मंदिर धुसाह समेत विभिन्न देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहे।

छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां कात्यायनी साहस, शक्ति और समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस दिन भक्त विशेष रूप से मां से मानसिक शांति, वैवाहिक सुख, तथा जीवन में उन्नति और समृद्धि की कामना करते हैं। कई स्थानों पर कन्या पूजन की भी तैयारी शुरू हो गई है, जो नवरात्र के अंतिम दिनों में सम्पन्न होगा। शक्तिपीठ देवीपाटन और बिजलेश्वरी देवी मंदिर बिजलीपुर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने मंदिरों में हवन-पूजन, दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए माता की आराधना की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

भक्तों ने पूजा-अर्चना के दौरान मां को सिंदूर, चंदन, पुष्प, नारियल और फल अर्पित किए। कई श्रद्धालुओं ने दिनभर व्रत रखकर शाम को विधिवत पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। आदि शक्ति मां काली एवं शिव दरबार के व्यवस्थापक अखलेश पाठक ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा से भक्तों को विशेष रूप से आत्मबल, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि यह दिन साधना और आत्मशुद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है जो जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। नवरात्र के मद्देनजर प्रशासन और मंदिर समितियों द्वारा साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## चांदी कारोबार में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर



गिरफ्तार आरोपियों के साथ एसपी व पुलिस टीम। ● अमृत विचार

● **11 लाख की पायल और नकदी समेत तीन गिरफ्तार**

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिले में चांदी कारोबार से जुड़े एक संगठित ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग फर्जी पहचान के जरिए असली चांदी मंगाकर उसकी जगह नकली गिलट का माल भेज देते थे और साथ में शुद्धता का फर्जी प्रमाण पत्र देकर ठगते थे। एसपी विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि कुमार वर्मा, आकाश अग्रहरी व लकी दुबे उर्फ प्रद्युम्न के रूप में हुई है। मामला उस समय प्रकाश में आया जब आगरा के एक व्यापारी से चांदी का ऑर्डर लेकर असली माल प्राप्त किया गया और बदले में नकली माल भेज दिया गया। विरोध पर पीड़ित को धमकी दी गई। जांच में गिरोह का खुलासा हुआ। अभियुक्तों के कब्जे से करीब 4 किलो 435 ग्राम चांदी की पायल, जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये आंकी गई है, के साथ 3.50 लाख रुपये नकद और कई मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

## योगी देवीपाटन धाम में आज करेंगे दर्शन-पूजन



**बलरामपुर अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 मार्च को तुलसीपुर स्थित मां देवीपाटन मंदिर के प्रस्तावित दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:25 बजे मां पाटेश्वरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित हेलीपैड पर आगमन होगा। इसके पांच मिनट बाद 12:30 बजे वह कार द्वारा देवीपाटन मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे और 12:35 बजे मंदिर परिसर पहुंचेंगे। मंदिर में मुख्यमंत्री करीब एक घंटा 40 मिनट तक रुकेंगे, जहां वे पूजा-अर्चना के साथ आरक्षित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद 2:15 बजे वह मंदिर से कार द्वारा वापस प्रस्थान करेंगे और 2:20 बजे हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां से उनका आगे का कार्यक्रम निर्धारित है।

# जन भागीदारी से सजेगा बलरामपुर महोत्सव



बलरामपुर महोत्सव में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में आगामी 03 से 05 अप्रैल तक 'बलरामपुर महोत्सव' का आयोजन प्रस्तावित है। यह आयोजन जनप्रतिनिधियों, व्यापारी एवं उद्यमी संगठनों तथा नागरिक समाज के व्यापक सहयोग से जनभागीदारी के रूप में आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव जनपद की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय प्रतिभाओं और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच बनेगा। इसी क्रम में डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ बैठक हुई, जिसमें प्राप्त सुझावों और फीडबैक के आधार पर महोत्सव को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित, गरिमामय और सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बलरामपुर महोत्सव को जनपद के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सहभागिता से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सभी आयु वर्गों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोक कलाएं, स्थानीय व्यंजन एवं हस्तशिल्प स्टॉल, विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनियां तथा मनोरंजन और सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम शामिल रहेंगे। इस बार महोत्सव को खास बनाने के लिए कार्निवाल थीम भी शामिल की गई है, जिसमें बच्चों और परिवारों के लिए झूले, फन जोन, खेल और इंटरैक्टिव गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही, स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे जनपद की प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिल सकेगा।

## निर्माणाधीन मकान में चोरी तार काटते पकड़ा गया चोर

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** रफी नगर, सरकारी अस्पताल रोड पर स्थित एक निर्माणाधीन मकान में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने मकान में रखे बिजली के तार के बंडल समेत बिजली बोर्ड के तार काटकर चोरी कर लिए। चारे सामान को बोरे में भर रहे थे, तभी मकान मालिक मसीउद्दीन खान उर्फ मस्सू मौके पर पहुंच गए। उन्हें देख चोर भागने लगे, लेकिन पीछा कर एक चोर को पकड़ लिया गया।

हेतु संदर्भित सूचना
सामान्य वाद सं. 42/25
तारीख पेशी 2/4/2026
न्यायालय श्रीमान् न्यायधिकारी महोदय
ग्राम न्यायालय करनैलगंज गोंडा।
आनंद कुमार
बनाम
शंकर संहाय
वाद स्थाई निषेधाज्ञा
चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है। की प्रतिवादीगण शंकर संहाय पुत्र श्रीराम, विजय कुमार पुत्र शिव संहाय, राम समुझ पुत्र मानदीन, देशराज, चंद्रिका, सुरेश, रमेश, राजकिशोर पुत्रगण साधूराम निवासी ग्राम सरैया परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज गोंडा। अतः आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतु संदर्भित करने के लिए दिनांक 2/4/26 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक का अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
हस्ताक्षरित न्यायधिकारी
ग्राम न्यायालय करनैलगंज गोंडा।

## डीएम का प्राथमिक शिक्षा की मजबूत नींव पर जोर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की सीखने की क्षमता बढ़ाने और प्राथमिक शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड बलरामपुर के 244 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक एवं संकुल शिक्षक शामिल हुए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर मजबूत नींव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों से आत्मीय जुड़ाव रखने, उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि समझने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा तीन तक प्रत्येक बच्चे को पढ़ना और गणना करना आना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और कक्षा संचालन से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी गई, जिससे शिक्षा को रोचक और परिणामकारी बनाया जा सके। इस दौरान विद्यालयों के विकास में योगदान देने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक जयशेखर एवं शिक्षिका तृप्ति वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को किया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर जनपद में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया गया। इस दौरान एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला पुलिसकर्मियों ने मंदिरों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। श्रद्धालुओं से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के तरीके, कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गयी।

## हलधरमऊ के 42 गांव अब भी पक्की सड़क से वंचित

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार:** हलधरमऊ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 42 गांव आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। आजादी के दशकों बाद भी इन गांवों तक समुचित मार्ग न बन पाने से ग्रामीणों को रोजाना भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ता है। कई बार गंभीर रूप से बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में देरी हो जाती है, जिससे उनकी जान तक खतरे में पड़ जाती है। इस गंभीर समस्या को लेकर छिटनापुर के नंदा पुरवा गांव के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। उनका आरोप है कि चुनाव के समय सड़क निर्माण के वादे तो किए जाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके और लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि मामला गंभीर है। संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।

## प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने पर जोर

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ अंजनी कुमार ने कहा कि प्राथमिक स्तर के बच्चों को मजबूत बनाना बेहद आवश्यक है, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव होती है। उन्होंने इस दिशा में शिक्षकों, ग्राम प्रधानों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को अनिवार्य बताया।

**कार्यक्रम** | खुशियों से सजा शालीमार लॉन, नव दंपतियों को दिये गये उपहार

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 169 जोड़े



नव विवाहित दंपतियों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** शालीमार लॉन, उतरौला में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 149 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज से तथा 20 जोड़ों का निकाह मुस्लिम परंपरा के अनुसार सम्पन्न कराया गया। पूरे आयोजन में उल्लास, खुशी और सामाजिक समरसता का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विधायक उतरौला की प्रतिनिधि, प्रमुख गैड़ान्स बुजुर्ग, प्रमुख प्रतिनिधि रेहरा, प्रमुख उतरौला, नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला, मुख्य विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, खण्ड विकास अधिकारी रेहरा, गैड़ान्स बुजुर्ग, श्रीदत्तगंज एवं उतरौला तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराया जाता है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को आर्थिक सहायता के साथ-साथ विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे नवदंपत्तियों के जीवन की नई शुरुआत सुगम हो सके।

बाबू तीर्थराज स्मारक महाविद्यालय,
देवरिया बुर्जुग, अम्बेडकरनगर
में आवश्यकता है :-
प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद तथा बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3 पद तथा बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–06 पद
पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक– विकास यादव
मो0नं0–8917095416

श्रीमती धनपता मौर्या स्मारक (एस0डी0एम0एस0) महाविद्यालय
रसूलपुर लिलहा, अयोध्या (उ0प्र0)
सम्बद्ध: डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है-
परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम0एस–सी0) पाठ्यक्रम हेतु गणित, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एवं भौतिक विज्ञान तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम हेतु प्रत्येक विषय में 03–03 पद प्रवक्ताओ की।
योग्यता व वेतनमान - यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथी से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
भवदीय
प्रबंधक

बिहारी लाल स्मारक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
आमादरवेशपुर, अम्बेडकरनगर
में आवश्यकता है :-
प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–06 पद तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3–3 पद
पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक– वेद प्रकाश गोपाल
मो0नं0–9450992928

नवयुग स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रतनपुर बारी सहिजन, सुलतानपुर (उ0प्र0)
मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है
स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता– 06 पद
स्नातक स्तर पर बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद
स्नातक स्तर पर बी0लिब0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद
एवं परास्नातक एम0कॉम0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – 06 पद
योग्यता व वेतनमान – एआईसीटीई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार । इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
भवदीय– प्रबंधक
मो0– 9919332588

## न्यूज ब्रीफ

### आज मोतीपुर आएंगे सीएम योगी

**बहराइच :** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का 25 मार्च को जनपद बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री लगभग 11:00 बजे तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम सेमरहना हेलीपैड पहुंचकर जनपद बहराइच के आपदा प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को आवास एवं भूमि आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्यमंत्री जी का लगभग 01 घण्टे का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**जरवल रोड (बहराइच) :** जरवल रोड थाना अंतर्गत एक 16 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बहरामपुर रेतीहाता निवासी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह वर्तमान में ग्राम हसना घघरिया के मजरा भुंडेपुरवा में निवास कर रहे हैं। बताया गया कि बीते 22 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे उनकी पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गई थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। प्रार्थी ने आशंका जताई है कि उनकी पुत्री किसी अज्ञात युवक के संपर्क में थी और वही उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। बताया कि किशोरी के मोबाइल के नंबर से बातचीत की रिकॉर्डिंग मौजूद है।

### हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी

**पयागपुर (बहराइच) :** पयागपुर नगर क्षेत्र में आगामी हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय हनुमान जयंती की तैयारियां तेज हो गई है त्रिदेव मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष भी महोत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति के अनूप पंसारी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 2 अप्रैल को त्रिदेव मंदिर में 'सीता-राम अखंड पाठ' के साथ होगा। इसके अगले दिन 3 अप्रैल को पंचायती धर्मशाला में हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और सवामणी का भोग लगाया जाएगा। बैठक के दौरान श्याम सुंदर, रितेश बागड़िया, दीपक रस्तोगी, रामप्रसाद शर्मा, विष्णु वैश्य, संतोष अग्रवाल, श्याम बिहारी शर्मा, बिटन सिंह, जोगेंद्र शर्मा, नितिन माहेश्वरी सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेशम कीट पालन से बढ़ा सकते हैं आय: राकेश

**प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते किसानों से किया आह्वान**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** सहायक निदेशक रेशम कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना अन्तर्गत आयोजित राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला/कार्यशाला का मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित तथा फीता काटकर कार्यशाला एवं मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री राकेश सचान ने जनपद के किसानों से आह्वान किया कि रेशम कीट पालन कर आप आपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं।



कार्यशाला का फीता काटकर उद्घाटन करते मंत्री राकेश सचान, एम एलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामनिवास वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय। अमृत विचार

राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला/कार्यशाला रेशम के साथ-साथ अन्य विभागों कृषि, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध, भूमि संरक्षण, खादी एवं ग्रामोद्योग, एफपीओ बहराइच सिल्क फार्मर प्रोड्युसर कम्पनी लि., बिछला चित्तौरा द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी/स्टालों तथा कार्यालय परिसर में संचालित धागाकरण मशीन एवं रेशम वस्त्र बुनाई हेतु संचालित चरखा/लूम का मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों के साथ अवलोकन किया तथा जानकारी प्राप्त की।

राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शामिल लगभग 1100 कृषकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने आह्वान किया कि समूहों/समितियों के माध्यम रेशम कोट पालन को अपना कर आप अपनी आय में गुणात्मक वृद्धि कर सकते हैं। मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि योजना अन्तर्गत वृक्षारोपण, रेशम कीटपालन गृह, उपकरण, प्रशिक्षण इत्यादि परियोजनाओं पर लागत का 75 प्रतिशत अनुदान प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, रेशम निदेशालय उ.प्र. लखनऊ से उप निदेशक रेशम सतेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक नीरेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भारत सरकार, नई दिल्ली से उप सचिव दशरथी बेहरा, वैज्ञानिक डॉ. रामलखन राम एवं डॉ. जिज्ञासु, सेरीकल्चर विषय विशेषज्ञ रामलखन मौर्य सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

### रेशम कीट पालन के बारे में दी गईं जानकारी

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक, विभागीय तकनीकी अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं तथा रेशम उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने पर बल देते हुए रेशम कीट पालन की नवीन तकनीकी जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यशाला के अन्त में सहायक निदेशक रेशम मिथलेश कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं आगुन्तक कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रेशम उत्पादन सम्बन्धी कार्यों से जुड़ कर आय में वृद्धि करने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु रेशम मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया।

# अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

संवाददाता, बहराइच

- अदालत ने 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** जिले की पॉक्सो कोर्ट ने मासूम से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को दोषसिद्ध मानते हुए उसे बीस साल की सजा सुनाई और अदालत ने जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर की स्थिति पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



रूपईडीहा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक ग्रामीण ने इलाके के रहने वाले किशन नाम के व्यक्ति पर अपने नाबालिग बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए दो वर्ष पूर्व स्थानीय थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा था।

विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अरविंद गौतम ने आरोपी किशन को दोषसिद्ध मानते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने सजा के साथ ही 51 हजार का अर्थदंड भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

**तमंचा रखने के दोषी पर जुर्माना, श्रावस्ती:** सोनवा पुलिस ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के मोहनलाल पुरवा निवासी रमेश चंद्र पुत्र गोकरन को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ जेल भेजा था। मामले में मंगलवार को एसीजेएम एफटीसी गौरव द्विवेदी ने दोषी को जेल में बिताई अवधि का कारावास का दण्ड व 2000 रुपए के जुर्माना से दंडित किया।

# केडीसी में कर्मयोगी सत्यनारायण सिंह पुस्तक का किया गया विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** साहित्यकार स्व. सत्यव्रत सिंह की 18 वीं पुस्तक 'कर्मयोगी सत्यनारायण सिंह' का विमोचन स्वायत्तशासी किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह थे व अध्यक्षता मध्यकालीन इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर राजेश्वर सिंह ने की। इस अवसर पर आचार्य नरेन्द्र देव स्नातकोत्तर किसान महाविद्यालय, बभनान, गोण्डा के प्राचार्य डॉ धर्मेन्द्र शुक्ल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व डॉ डिंपल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्यभूषण सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. राजू निगम, डॉ अंजनी कुमार शुक्ल, हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज पांडेय, वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. सतीश सिंह व क्रीड़ा प्रभारी पंकज सिंह, विशाल सेवा संस्थान के डायरेक्टर विशाल कश्यप, असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह, डॉ राम बदन वर्मा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव आदि रहे।

# मिनी ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच सीतापुर मार्ग पर सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जानकारी पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर परीक्षण के बाद एक व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, वहीं दो की हालत गम्भीर बनी हुई है।

बाराबंकी जनपद में रहने वाले शत्रोहन (46) अपने रिश्तेदार अर्जुन निवासी बाराबंकी व परशुराम निवासी जनपद सीतापुर के साथ बाइक से नगर में स्थित मरी माता मंदिर में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। देर शाम जब वो लोग वापस लौट रहे थे तभी बहराइच-सीतापुर मार्ग पर हरदी थाना क्षेत्र में स्थित कल्याणपुर के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके चलते तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।

**हादसा**



दुर्घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे परिजन। अमृत विचार

घटना की जानकारी पर हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने शत्रोहन को मृत घोषित कर दिया। अर्जुन की हालत गम्भीर देख उसे लखनऊ रेफर किया गया है, वही परशुराम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**सिरसिया (श्रावस्ती):** सोनवरसा गांव से सोमवार देर शाम दवा लेने चैलाही मोड़ जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी सिरसिया लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भीखपुर तराई निवासी राम शंकर गिरि (28) पुत्र ननकू प्रसाद सिरसिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव स्थित अपनी ससुराल में रहता था। सोमवार देर शाम वह मेडिकल से दवा लेने थाना क्षेत्र के चैलाही मोड़ जा रहा था। भिनगा-सिरसिया मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के पंडित ब्रह्मदत्त इंटर कॉलेज चैलाही के पास पहुंचते ही भिनगा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने रामशंकर को रौंद दिया। हादसे में रामशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पहुंचे लोगों ने घायल को सीएचसी सिरसिया भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आज कोषागार में प्रस्तुत करें देयक : कोषाधिकारी

**बहराइच।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने जनपद के समस्त अहरण-वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अपने देयक निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च तक कोषागार में प्रस्तुत कर दें ताकि प्रस्तुत बिलों की कोषागार कार्यालय द्वारा आवश्यक जांचोपरान्त पारण तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2026 तक भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अहरण, वितरण अधिकारी का होगा। उल्लेखनीय है कि कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से किये जा रहे है। अब कोषागार द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली की व्यवस्था भी वर्तमान में लागू है।

### मंदिर के निकट मांस पकाने व खाने के छह वांछित गिरफ्तार

**सिरसिया (श्रावस्ती)।** सोनपथरी आश्रम के निकट नाले में मांस पकाने व खाने वाले छह आरोपियों को मंगलवार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। सिरसिया थाना क्षेत्र के सोनपथरी आश्रम के पास नाले में मुस्लिम वर्ग के लोगों ने रोजा इफ्तारी के लिए मांसाहारी भोजन बनाया था। बाद में उसके अवशेष आश्रम के पास बह रहे नाले में फेक दिया था। जबकि नाले से सोनपथरी आश्रम पर आने वाले श्रद्धालु इसी नाले के पानी को पीने व भोजन बनाने में प्रयोग करते है। मुस्लिम वर्ग के लोगों ने आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के धार्मिक भावना को आहत करने का कार्य किया गया। मामले में थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय ने मंगलवार पुलिस टीम के साथ मिलकर हरदत्त नगर गिरन्ट के महरूमूर्तिहा निवासी जमाल अहमद पुत्र निसार, इरफान अहमद पुत्र जमाल अहमद, सूफियान पुत्र जुनैद अली, बहराइच के थाना रिसिया के ग्राम गायत्रीनगर निवासी शाकिर पुत्र अली हुसैन, रिसिया निवासी शेरु अहमद पुत्र साबिर अहमद व निवासी रविदास नगर थाना रिसिया रिसिया निवासी शमसाम अली पुत्र मोहमद अली को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा है।

### नारी शक्ति का प्रतीक बना उत्थान आडिटोरियम

**बहराइच, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर "उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक होने वाले 09 दिवसीय समारोह अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित भव्य शक्ति संवाद का मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कार शुभारम्भ किया। शक्ति संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य समाज की प्रत्येक महिला को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। हब की जेंडर स्पेशलिस्ट नीलम शुक्ला, एमटीएस दुर्गेश मिश्रा, लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा मौजूद महिलाओं को प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं, जैसे कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित महिला पेंशन तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 112, 181, 1076 के के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



आयोजित कार्यक्रम में अतिथि व मौजूद अन्य लोग।

### खेलकूद से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद स्तरीय पीएम श्री विद्यालय के एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के तत्वाधान मैँ किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मैँ किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सक्सेना के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ, जनपद के समस्त ब्लॉकों के पीएम श्री विद्यालयों के बच्चे इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये..जिसमें 100 मीटर 200 मीटर दौड़ कबड्डी खो -खो, ऊंची कूद, लंबी कूद में भाग लिया.. साथ ही साथ बच्चों के द्वारा रंगोली निर्माण तथा हास्य व्यंग्य गीत कविता के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोहा। खेलकूद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। कॉलेज के गेम प्रभारी डॉक्टर सूर्यभान रावत कार्यक्रम का आयोजन जिला संबंधित प्रशिक्षण प्रदीप कुमार वर्मा, तथा कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र पाल सिंह एवं कार्यक्रम मैँ मुख्य अतिथियों का आभार व धन्यवाद राजेश कुमार मिश्रा ने किया.. विजयी बच्चों को पुरस्कार वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने दिया, जनपद स्तर पर खेलकूद कार्यक्रम में व्यायाम शिक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश पाठक, वीरेंद्र कुमार, प्रीति मिश्रा, डॉ नन्द कुमार शुक्ला, अभिमन्यु त्रिपाठी, संतोष सिंह, शक्तिधर पाठक, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, श्याम सुन्दर, शबनम, नदीम अहमद, रघुकुल शिरोमणि, योगेश गुप्ता, विनोद यादव अखिलेश कुमार, दिलीप वर्मा आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

### लकड़ी सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** एसएसबी के जवानों ने वनकर्मियों के साथ मंगलवार मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा। जिसमें धूप की लकड़ी लदी थी। जिसे वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। ककरदरी वन रेंज व 62वीं वाहिनी एसएसबी को सोमवार रात मुखबिर से सूचना मिली की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कुछ प्रकाष्ठ नेपाल राज्य से आने वाला है। सूचना मिलते ही आरोपियों को पकड़ने के लिए ककरदरी वनक्षेत्र के क्षेत्रीय वनाधिकारी मोहित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीम वन विभाग की टीम गठित की गई। टीम ने ककरदरी वन क्षेत्र से सटे हकीमपुरवा, भरथा रोशनगढ़ के पास भारत नेपाल सीमा पर गश्त शुरू की। इस दौरान नेपाल राष्ट्र के रास्ते हकीमपुरवा होते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखी। टीम ने टार्च की रोशनी कर रुकने का इशारा किया। इस पर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मोड़कर ककरदरी वन क्षेत्र में घुसने लगे। टीम ने पीछा किया तो दो तस्कर वाहन छोड़कर भाग निकले। जबकि तीन ट्रॉली व दो ट्रैक्टर को टीम ने कब्जे में ले लिया। तलाशी लेने पर तीनों ट्रालियों से 195 बोरा धूप के टुकड़े बरामद हुए हैं।

# शतरंज की चौसर बना रूपईडीहा नगर पंचायत

भागवत शुक्ला, बहराइच

**साफ-सफाई बाधित**

- ईओ और चेयरमैन की तनातनी में कर्मचारी बन रहे मोहरे
- परेशान नगरवासी बोले, यहां शीघ्र फैलेगी महामारी

**अमृत विचार।** भारतीय सीमा की अंतिम नगर पंचायत रूपईडीहा जिसे आदर्श नगर पंचायत कहा जाता है। पिछले लगभग एक माह से अभिशप्त सी हो गई है। और इसका प्रमुख कारण यहां के चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी के बीच आपसी सामंजस्य का न होना है। इन अधिकारियों की आपसी अनबन के कारण विकास व साफ सफाई की व्यवस्थाएं तो बाधित हैं ही, साथ ही यह दोनों अफसर अपने-अपने हितों के लिए कर्मचारियों को आगे कर एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं।

ईओ और चेयरमैन के बीच चल रही रस्साकस्सी में यहां के नागरिक पिस रहे हैं। परेशान होकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी नानपारा से मिलकर यहां की सफाई व्यवस्था को सुचारू किये जाने की गुजारिश की है। रूपईडीहा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री संतोष अग्रवाल कहते हैं कि पूरा नगर गंदगी का ढेर बन चुका है। जबकि नवरात्र का पर्व चल रहा है यही हाल रहा तो शीघ्र ही यह शहर महामारी की चपेट में होगा।

परेशानी होने के चलते महामंत्री का कहना है कि चेयरमैन की कुछ चलती ही नहीं है, हालात ऐसे हैं कि उनकी बात को न ईओ मानते हैं और न ही सफाई कर्मी। वहीं सफाई कर्मी बताते हैं कि चेयरमैन व उनके पुत्र सफाई से संबंधित उपकरण ही नहीं देते हैं। इसलिए हालात खराब हैं। संतोष अग्रवाल का कहना है कि ईओ और चेयरमैन की आपसी लड़ाई का खामियाजा यहां की जनता को झेलना पड़ रहा है। दोनों लोग कर्मचारियों को आगे कर अपनी-अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

### चेयरमैन बोले-बेटे को फर्जी बदनाम किया जा रहा

आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन उमाशंकर वैश्य ईओ पर काफी खफा हैं। उन्होंने ईओ पर आरोप लगाया है कि वह कर्मचारियों को भड़काते हैं। सफाई कर्मचारियों व सुपरवाइजर में मारपीट करवाते हैं और मेरे बेटे को बेवजह बदनाम करते हैं। मंगलवार को भी भी ईओ ने अपनी गलतियों के लिए हमसे और हमारे बेटे से माफी मांगी है। हालांकि चेयरमैन ने यह जवाब नहीं दिया कि ईओ उनके बेटे से (जबकि चेयरमैन के अनुसार उनके बेटे का कोई दखल पंचायत कार्यों में नहीं होता है) क्यों कर माफी मांगी है।

### ईओ ने लगाया आरोप चेयरमैन के बेटे की वजह से हो रही परेशानी

आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा के अधिशाषी अधिकारी रामबदन कहते हैं कि यह मामला काफी समय से चल रहा है। कहा कि इसके पीछे चेयरमैन के पुत्र की ओर से पंचायत के कार्यों में दखल दिया जा रहा ह। इसके अलावा चेयरमैन के पुत्र द्वारा कर्मचारियों से अनुचित व्यवहार व गाली गलौज किया गया, जिससे कर्मचारी आंदोलित हो गये और यह समस्या खड़ी हो गई। हालांकि मंगलवार को इस संबंध में बैठक हुई है और इस बैठक के परिणाम भी अच्छे रहे हैं।

# गैस की किल्लत से चार सितारा होटल में भी जलने लगा चूल्हा

इकौना (श्रावस्ती)

- बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के होटल में चूल्हे पर बनाया जा रहा खाना

**अमृत विचार।** बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के चार सितारा होटल प्लेटिनम में एलपीजी सिलेण्डर की दिक्कतों के चलते करीब 15 दिनों से लकड़ी के चूल्हे पर खाना बन रहा है। इससे होटल व्यवसाय पर असर दिखने लगा है।

होटल के जनरल मैनेजर वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि अप्रैल माह तक श्रावस्ती में बौद्ध तीर्थ करने वाले स्थानीय व विदेशी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। इस दौरान होटल में प्रतिदिन करीब 200 पर्यटक सहित 50 होटल स्टाफ के लोगो का खाना व नास्ता तैयार किया जाता है। जिसमे प्रतिदिन दो कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती है। खाड़ी युद्ध शुरू के बाद से होटल में गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे 15 दिनों से होटल में यात्रियों व स्टाफ के लिए लकड़ी का चूल्हा जलाना पड़ रहा है। यहां अबतक करीब 15 कुंतल लकड़ी का इस्तेमाल हो चुका है। होटल के डायरेक्टर प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि सिलेंडर की आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



चार सितारा होटल प्लेटिनम।

**समस्या** — सीएचसी चरदा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर बाहर की दवाएं बेंचने का मरीजों ने लगाया आरोप

# जनऔषधि केंद्र पर अनियमितताओं के चलते बढ़ी लोगों की मुसीबत

बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि केंद्र पर बाहर बाजार की जेनरिक मेडिकल एजेंसियों से दवाएं खरीदकर बेची जा रही हैं, जो सरकार के निर्धारित नियमों के विपरीत है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केंद्र पर उपलब्ध दवाओं पर 'प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र' का कोई अंकन नहीं है, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और प्रमाणिकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं, दवा खरीदने पर उपभोक्ताओं को किसी प्रकार का बिल भी नहीं दिया जा रहा है, जो पूरी तरह नियमों का उल्लंघन है।



जन औषधि केंद्र पर दवा लेने पहुंचे मरीज।

हैरानी की बात यह है कि केंद्र का संचालन एक नाबालिग व अप्रशिक्षित युवक द्वारा किया जा रहा है, जिसकी उम्र लगभग 15-16 वर्ष बताई जा रही है। बताया जाता है कि उक्त युवक ने हाल ही में कक्षा 10 की परीक्षा दी है। ऐसे में बिना किसी फार्मेसी प्रशिक्षण के दवाओं का वितरण मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ माना जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। परेशान लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई है कि केंद्र की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मानकों के अनुरूप ही दवा वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, योग्य व प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की नियुक्ति कर मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।

लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की साख बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचाने की चेतावनी दी है।

### गंदगी से संक्रामक रोग का बढ़ा खतरा

**माल्ही चौराहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** जिले में मौसम का मिजाज लगातार गर्म हो रहा है। वहीं विगत दिनों हुई बरसात के बाद कई स्थानों पर कीचड़ व जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण लोगों को संक्रामक रोग का खतरा सताने लगा है। विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत चमरपुरवा के मजरा माल्ही गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय से दुर्गा मंदिर तक बनी नाली चोक है। वही हैंडपंप के पास उगी झाड़ियों के कारण गांव के लोगो को स्वच्छ पेयजल से भी वंचित होना पड़ रहा है। यहां तैनात सफाई कर्मी के ना आने से मार्ग पर भी गंदगी व्याप्त है। ऐसे में गंदगी के बीच रहकर दूषित जल पीकर लोगों को बीमार होने का खतरा सताने लगा है। इस संबंध एडीओ पंचायत जमुनहा दिग्विजय सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है, टीम लगाकर सफाई कराई जाएगी।



मार्ग पर फैली गंदगी। अमृत विचार

